Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ وَاحْذَرُوْا ۚ فَاِنْ تَوَلَّيْتُمْ فَاعْلَمُوْٓا اَنَّمَا عَلٰى رَسُوْلِنَا الْبَلٰغُ الْمُبِيْنُ

(सूरत अल्मायदा: 93)

अनुवाद : और अल्लाह की इताअत करो और रसूल की इताअत करो और (बुराई से)बचते रहो। और अगर तुम पीठ फेर जाओ तो जान लो कि हमारे रसूल पर केवल स्पष्ट संदेश पहुंचाना है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 23

साप्ताहिक क़ादियान
बदर
Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य
575 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

08 जुल्कादा 1443 हिज्री कमरी, 09 अहसान 1401 हिज्री शम्सी, 09 जून 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

मांगने की निंदा और इससे बचने की प्रेरणा

(1480) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो रिवायत करते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : तुम में से कोई व्यक्ति अपनी रस्सी ले फिर सुबह को पहाड़ की तरफ़ निकल जाए और लकड़ियाँ इकट्ठी करे और उन को बेचे और खाए और सद्के भी करे। उसके लिए इससे बेहतर है कि लोगों से मांगे।

अपनी सद्का की हुई चीज़ को ख़रीदने की मनाही

(1489) हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हो बयान करते थे कि हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो ने अल्लाह तआला के रास्ते में एक घोड़ा बतौर सद्का दिया। फिर उन्हों ने उसे बिकते हुए देखा और ख़रीदना चाहा। वह नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इजाज़त चाही। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अपने सद्के को वापस न लो।

(सही बुख़ारी, भाग 3 किताब अल् ज़कात, प्रकाशन 2008 क़ादियान)

★ ★ ★

इन्सानी कमज़ोरी का तो कुछ ठिकाना ही नहीं है, वह एक क़दम भी ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और सहायता के बग़ैर नहीं चल सकता जब वह इस क़दर कमज़ोरियों का निशाना और मजमूआ है तो उसके लिए अमन और आफ़ियत का यही मार्ग है कि ख़ुदा तआला के साथ उसका ममला साफ़ हो

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

फ़ानी-फ़िल्लाह का स्थान

ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और सहायता के बग़ैर इन्सान कुछ भी नहीं कर सकता। जब अल्लाह तआला की तरफ़ इन्सान खिंचा जाता है और ख़ुदा तआला में फ़ना हो जाता है तो इस से वे काम सादिर होते हैं, जो ख़ुदाई काम कहलाते हैं। इस पर उत्तम से उत्तम अनवार ज़ाहिर होने लगते हैं। इन्सानी कमज़ोरी का तो कुछ ठिकाना ही नहीं है। वह एक क़दम भी ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और ताईद के बग़ैर नहीं चल सकता। मैं तो यहां तक यक़ीन रखता हूँ कि ख़ुदा तआला की तरफ़ से उसे मदद न मिले तो वे रफ़ा'-ए-हाजत (शौच करने) के बाद पजामे का नाला तक भी बाँधने की ताक़त नहीं रख सकता। चिकत्सकों ने एक रोग लिखा है कि इन्सान छींक के साथ ही हलाक हो जाता है। निसंदेह याद रखो कि इन्सान कमज़ोरियों का मजमूआ है और इसी लिए ख़ुदा तआला ने फ़रमाया है خُلِقَ الۡاِنۡسَانُ ضَعِيۡفًا (अल् निसा : 29) इस का अपना तो कुछ भी नहीं है। सिर से पांव तक इतने अंग नहीं, जिस क़दर रोग उस को लगे होते हैं। फिर जब वह इस क़दर कमज़ोरियों का निशाना और मजमूआ है तो उसके लिए अमन और आफ़ियत का यही मार्ग है कि ख़ुदा तआला के साथ उसका मुआमला साफ़ हुआ और वह उस का सच्चा और मुख़लिस बंदा बने और इस के लिए ज़रूरी है कि वह सिदक़ को इख़्तियार करे। जस्मानी निज़ाम की बनावट भी सिदक़ ही है। जो लोग सिदक़ को छोड़ते हैं और ख़यानत कर के जरायम को रोकथाम में लाने वाले कवच को किज़्ब ख़्याल करते हैं, वे सख़्त ग़लती पर हैं।

झूठ बोलने से इन्सान का दिल काला हो जाता है

फ़ानी और आरिज़ी तौर पर शायद कोई फ़ायदा इन्सान समझ ले लेकिन फ़िल-हक़ीक़त किज़्ब झूठ बोलने से इन्सान का दिल काला हो जाता है और अंदर ही अंदर उसे एक दीमक लग जाती है। एक झूठ के लिए फिर उसे बहुत से झूठ तराशने पड़ते हैं, क्योंकि उस झूठ को सच्चाई का रंग देना होता है। अतः इसी तरह अंदर ही अंदर उसके अख़लाक़ी और रूहानी अंग नष्ट हो जाते हैं और फिर उसे यहां तक साहस और दिलेरी हो जाती है कि ख़ुदा तआला पर भी इफ़्तिरा कर लेता और ख़ुदा के मुर्सलों और मामूरों की तक़ज़ीब भी कर देता है और ख़ुदा तआला के नज़दीक वह اَظۡلَمُ ठहरता है। जैसा के ख़ुदा तआला ने फ़रमाया है مَنۡ اَظۡلَمُ مِمَّنِ افۡتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اَوۡ كَذَّبَ بِاٰيٰتِهٖ (अल् ईनाम : 21) अर्थात उस शख़्स से बढ़कर कौन ज़ालिम हो सकता है जो अल्लाह तआला पर झूठ और इफ़्तिरा बाँधे या उसकी आयात की तक़ज़ीब करे। निसंदेह याद रखो कि झूठ बहुत ही बुरी

शेष पृष्ठ 12 पर

अगर इन्सान की ज़िंदगी केवल इस दुनिया तक ख़त्म हो जाती है तो मानो इस क़दर बड़ी दुनिया अल्लाह तआला ने केवल इस लिए पैदा की है कि इन्सान इस में पैदा हो, कुछ दिन खाए पिए और फिर मर जाए और यह ख़्याल बिल्कुल अक़ल के खिलाफ़ है

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत हुजरात आयत नम्बर : 86 وَمَا خَلَقۡنَا السَّمٰوٰتِ وَالۡاَرۡضَ وَمَا بَيۡنَهُمَاۤ اِلَّا بِالۡحَقِّ ؕ وَاِنَّ السَّاعَةَ لَاٰتِيَةٌ فَاصۡفَحِ الصَّفۡحَ الۡجَمِيۡلَ की तफ़सीर में फ़रमाते हैं : अर्थात आसमान और ज़मीन की पैदाइश पर ग़ौर तो करो क्या वे बिना उद्देश्य के नज़र आते हैं। इस कारख़ाना पर नज़र डालने से हर एक अक़लमंद समझ सकता है कि इस क़दर बड़ा निज़ाम किस उद्देश्य से है और इस से नतीजा निकाल सकता है कि साअत ज़रूर आने वाली है। साअत का शब्द क़यामत के लिए भी इस्तिमाल होता है और इस निर्धारित घड़ी के लिए भी जो अम्बिया के दुश्मनों की तबाही और उनके मानने वालों की तरक़्क़ी के लिए निर्धारित होती है। आयत का पहला हिस्सा दोनों साअतों के लिए बतौर दलील है। ज़मीन और आसमान की पैदाइश क़यामत की भी दलील है और नबियों की कामयाबी और उनके दुश्मनों की तबाही की भी।

क़यामत की इस तरह कि अगर इन्सान की ज़िंदगी केवल इस दुनिया तक ख़त्म हो जाती है तो मानो इस क़दर बड़ी दुनिया अल्लाह तआला ने केवल इस लिए पैदा की है कि इन्सान इस में पैदा हो कुछ दिन खाए पिए और फिर मर जाए और यह ख़्याल बिल्कुल ख़िलाफ़ अक़ल है। इस क़दर बड़े निज़ाम का पैदा करना एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए ही हो सकता है और वह ग़रज़ पूरी होती इस दुनिया में नज़र नहीं आती। अतः ज़रूर है कि इन्सान की ज़िंदगी इसी दुनयावी हयात तक ख़त्म न हो बल्कि इस निज़ाम की अज़मत के मुताबिक़ एक बड़े ज़माना तक चली जाए जिसमें वे एक ऐसे उच्च स्थान को पाले जो इस निज़ाम की अज़मत के मुताबिक़ हो।

अगर ग़ौर किया जाए तो सारा निज़ाम तो अलग रहा। अल्लाह तआला ने छोटी से छोटी चीज़ में ही ऐसे इसरार रखे हैं कि ख़त्म होने में नहीं आते। इन्सानी जिस्म को ही ले लो, उसका निज़ाम कैसा पेचीदा है। हज़ारों लाखों चिकित्सक और इल्मे तशरीह के माहिर इसकी हक़ीक़त के मालूम करने में लगे हुए हैं लेकिन अब तक इन उमूर का अनुमान नहीं कर सके जो जिस्म-ए-

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

ख़ुत्बः जुमअः

तुम से अल्लाह तआला का पक्का वादा लिया जाता है कि तुम ज़रूर अल्लाह तआला और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान लाओ गे

और ज़रूर नमाज़ को क़ायम करोगे और ज़रूर ज़कात अदा करोगे और इसी चीज़ पर तुम अपने बेटों और औरतों की तरफ़ से भी बैअत करोगे

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद सिद्दीक़-ए-अकबर हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं और गुणों का वर्णन

"तुम अपने हर काम में अल्लाह से डरते रहो। ' اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا وَّالَّذِيْنَ هُمْ مُّحْسِنُوْنَ

ख़िलाफ़त-ए-ऊला में बाग़ी मुर्तद होने वालों के ख़िलाफ़ की जाने वाली मुहिम्मात में से चंद एक का तफ़सीली वर्णन

श्रीमती साबरा बेग़म साहिबा पत्नी रफ़ीक़ अहमद बट साहिब आफ़ स्यालकोट और श्रीमती सुरय्या रशीद साहिबा पत्नी रशीद अहमद बाजवा साहिब आफ़ कैनेडा का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 06 मई 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में पिछले ख़ुतबात में मुहिम्मात भिजवाने का जो वर्णन हुआ था उनकी कुछ तफ़सील बयान करता हूँ ताकि उस वक़्त के हालात की शिद्दत का भी कुछ अनुमान हो। जैसा कि वर्णन हुआ था ग्यारह मुहिम्मात भेजी गई थीं। उनमें से पहली मुहिम की तफ़सील कुछ इस प्रकार है जो तुलेहा बिन ख़ूवीलिद, मालिक बिन नोवै, सजाह बिंत हारिस और मुसैलमा कज़्ज़ाब इत्यादि बाग़ी मुर्तद होने वाले और झूठे नबियों का अंत करने के लिए भेजी गई थी। हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु ने एक झंडा हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के सपुर्द किया और आप रज़ियल्लाहु अन्हु को हुक्म दिया कि तुलेहा बिन ख़वयलिद के मुक़ाबले के लिए जाएं और इस से फ़ारिग़ हो कर बुतहा में मालिक बिन नुवयरा से लड़ें अगर वे लड़ाई पर डटे हों अर्थात कि अगर लड़ने पर इसरार कर रहा हों तो फिर लड़ना है। बुतहा बनू असद के इलाक़े में एक चशमा का नाम है वहां (मुक़ाबला) हुआ था। (तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 257 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया लुबनान 2012 ई.)(मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 1, पृष्ठ 527)

एक रिवायत में है कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत साबित बिन केस रज़ियल्लाहु अन्हो को अंसार का अमीर निर्धारित किया और उन्हें हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के अधीन कर के हज़रत ख़ालिद को हुक्म दिया कि वह तुलेहा और उयेनह बिन हिस्न के मुक़ाबले पर जाएं जो बनू असद के एक चशमा बुज़ाख़ह पर रहते थे। (तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 260 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया लुबनान 2012 ई.)

जब हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने मुर्तद होने वाले से जंग के लिए हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु के वास्ते झंडा बाँधा तो फ़रमाया मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को फ़रमाते सुना है कि ख़ालिद बिन वलीद अल्लाह का बहुत ही अच्छा बंदा है और हमारा भाई है जो अल्लाह की तलवारों में से एक तलवार है जिसे अल्लाह तआला ने कुफ़्फ़ार और मुनाफ़क़ीन के ख़िलाफ़ उठाई है।

(अल् बिदाया वन्हाया, भाग 3 पृष्ठ 313 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया लुबनान 2001 ई.)

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु को तुलेहा और उयेनह की तरफ़ भेजा। इन दोनों मुख़ालेफ़ीन का मुख़्तसर परिचय भी पेश है।

तुलेहा असदी झूठी नबुव्वत का दावा करने वालों में से एक था जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पवित्र जीवन के आख़री दौर में नमूदार हुआ। इस का नाम तुलेह बिन ख़ूवेलद बिन नौफ़ल बिन नज़ला असदी था। आमुल वफ़ूद अर्थात वफ़ूद की आमद वाले साल में, नौ हिज्री में अपनी क़ौम बनु असद के साथ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुआ और मदीना पहुंच कर उन लोगों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सलाम किया और एहसान जताते हुए कहा कि हम आपकी ख़िदमत में हाज़िर हुए हैं। हम इस बात की गवाही देते हैं कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं है और आप अल्लाह के बंदे और रसूल हैं। फिर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से यह कहा कि हालाँकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमारी तरफ़ किसी को नहीं भेजा और हम अपने पीछे वालों के लिए काफ़ी हैं। जब ये लोग वापस चले गए तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िंदगी में ही तुलेहा मुर्तद होने का शिकार हुआ और नबुव्वत का दावा कर बैठा और समीरा को अपना फ़ौजी मर्कज़ बनाया। समीरा आद की क़ौम के एक शख़्स के नाम पर इस मुक़ाम का नाम रखा गया था और मदीना से मक्का की जानिब एक मंज़िल के फ़ासले पर यह वाक़्य है। इस इलाक़े के इर्द-गिर्द काले-रंग के पहाड़ हैं जिनकी वजह से इस का यह नाम रखा गया। बहरहाल उसने जो दावा किया था लोग उस के मुरीद हो गए। लोगों की गुमराही का पहला कारण यह हुआ कि वह अपनी क़ौम के साथ एक सफ़र में था, पानी ख़त्म हो गया तो लोगों को शदीद प्यास लगी। उसने लोगों से कहा कि तुम मेरे घोड़े एलाल पर सवार हो कर चंद मील जाओ वहां तुम्हें पानी मिलेगा। उन्होंने ऐसा ही किया और उन्हें पानी मिल गया। इस वजह से यह देहाती उस फ़ित्ना का शिकार हो गए। पानी की कोई जगह उसने देखी होगी पहले ही। बड़ी होशयारी से उसने उनको वहां भेजा और इस वजह से जो अनपढ़ लोग थे वे उस के फ़ित्ना का शिकार हुए। बहरहाल उस की बे-हक़ीक़त बातों में से यह भी थी कि उसने नमाज़ से सज्दों को ख़त्म कर दिया था। अर्थात नमाज़ों में सज्दे की ज़रूरत कोई नहीं और उसका यह ख्याल था कि आसमान से उस पर वह्यी आती है सुसज्जि और अलंकृत वाक्यों को बतौर वह्यी के पेश किया करता था।

तारीख़ से मालूम होता है कि ज़माना जाहिलियत में काहिन लोग सुसज्जि और अलंकृत वाक्य लोगों के सामने प्रस्तुत कर के उन पर रोब बिठाते थे। तुलेहा भी काहिन था। तुलेहा असदी के नफ़्स ने उस को धोखे में डाला। उसका मसला ज़ोर पकड़ गया। उसकी ताक़त बढ़ी और जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को उसके मामले की इत्तिला मिली तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़िरार बिन अज़वर असदी को इस से क़िताल के लिए रवाना किया लेकिन ज़रार के बस की बात नहीं थी क्योंकि वक़्त के साथ साथ उस की क़ुव्वत बढ़ चुकी थी। खासतौर पर

शेष पृष्ठ 6 पर

जंग-ए-जमल के होने की वजह और इसकी हक़ीक़त

क़ुरआन और हदीस ने किसी गुस्ताख रसूल को इस दुनिया में सज़ा देने का किसी इन्सान को इख़तियार नहीं दिया

छोटे बच्चों को अज़ान देने की आज्ञा नहीं देनी चाहिए

महिलाओं के बाल कटवाने और उन बालों को कैंसर के किसी ग़ैर मुस्लिम मरीज़ को donate करने के बारे में

सय्यदना हज़रत अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह अल् ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर

(क़िस्त13, भाग 2)

शेष भाग

(2) क़ुरआन-ए-करीम और अहादीस को हिफ़्ज़ करने का बेहतरीन तरीक़ उन्हें ध्यान से और कसरत के साथ पढ़ना है। अहादीस में आता है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो की इसी किस्म की शिकायतों हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उन्हें, इन उमूर की तरफ़ तवज्जा करने और उन्हें नियमित और कसरत से पढ़ने की तलक़ीन फ़रमाई थी।

3) दुरूद शरीफ़ में तनदिही पैदा करने का भी यही तरीक़ है कि मुहब्बत और लगन के साथ उसका कसरत से विर्द किया जाए। जिस तरह हम अपने दूसरे कामों में दिलचस्पी लेते और उनकी तरफ़ तवज्जा करते हैं, यदि इन नेक कामों में भी यही मुहब्बत और दिलचस्पी पैदा करें तो इन शा अल्लाह अवश्य मक़सूद हासिल होगा।

दुरूद शरीफ़ का कसरत से विर्द निसदेह बहुत बा बरकत है और इन्सान की प्रत्येक दुआ हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर दुरूद के कारण ही अल्लाह तआला के हुज़ूर रसाई पाती हैं जैसा कि अहादीस में वर्णन हुआ है। यदि केवल दुरूद शरीफ़ ही पढ़ना हर इन्सान के लिए काफ़ी होता और यह चीज़ उसे बाक़ी दुआओं से मुस्तग़नी कर देती तो अलग अवसरों पर हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ुद दुरूद शरीफ़ के अतिरिक्त अन्य दुआएं क्यों पढ़ते? और अन्य सहाबा और सहाबियात को अलग किस्म की दुआएं क्यों सिखाते? इसलिए अहादीस में बहुत सी ऐसी दुआओं का वर्णन मिलता है, जो हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ख़ुद भी कीं और सहाबा और सहाबियात को भी सिखाई और यही तरीक़ आपके ग़ुलाम सादिक़ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की पवित्र जीवनी में हमें नज़र आता है। आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इरशाद إِنَّمَا الْأَعْمَالُ بِالنِّيَّاتِ की के आधार पर यदि कोई व्यक्ति इस नीयत से कि दुरूद भी अल्लाह तआला के फ़ज़लों के हुसूल के लिए एक वसीला है, इस हुस्न ज़न्नी से अपनी समस्त मुनाजात आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजना ही बनाता है तो अल्लाह तआला भी उसकी इस नीयत और हुस्न ज़न्नी के अनुसार इस से व्यवहार करेगा, जैसा कि एक हदीस क़ुदसी में अल्लाह तआला फ़रमाता है أَنَا عِنْدَ ظَنِّ عَبْدِي بِي।

अहादीस में अलग दुरूद वर्णन हुए हैं और उलमा-ए-उम्मत में भी अलग किस्म के दुरूद रायज रहे हैं, और उन्होंने उनके अलग नाम भी रखे हुए हैं, जिनमें से कुछ तफ़सीली दुरूद हैं और कुछ संक्षिप्त हैं। अधिक बरकत का बायस और मुबारक दुरूद तो निसदेह वही है जो आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की भाषा मुबारक से निकला और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने सहाबा को सिखाया। इन उमूर में असल चीज़ तो इन्सान की नीयत, मुहब्बत और तवज्जा है कि किस तौर पर वे अल्लाह तआला के प्यार को जज़ब करना चाहता है। अतः जिस नीयत, मुहब्बत और तवज्जा से वे इन उमूर को सरअंजाम देगा अल्लाह तआला तक उस की यह नीयत और ख़ुलूस निसदेह पहुंच जाता है।

4) अहादीस से पता चलता है कि आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कुछ अहकामात सायल की नफ़सियात को सामने रखकर वर्णन फ़रमाए हैं, इसी लिए एक ही किस्म के सवाल पर आपकी तरफ़ से अलग उत्तर भी वर्णन हुए हैं। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने जिस व्यक्ति में जैसी कमी महसूस की उसकी इसी के अनुसार रहनुमाई फ़रमाई। इसलिए कुछ दुआओं और अज़कार को गिन कर करने का भी अहादीस में वर्णन मिलता है। जिसमें एक हिक्मत यह भी है कि कम से कम इस क़दर तोअवश्य इन दुआओं और अज़कार को बजा लाओ।

फिर यह भी याद रखना चाहिए कि जिस तरह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस अमर को ख़ूब खोल खोल कर वर्णन फ़रमाया है कि दुआओं और अज़कार को केवल तोते की तरह पढ़ने का कोई फ़ायदा नहीं बल्कि अल्लाह तआला के प्यार को पाने के लिए इन दुआओं और अज़कार में वर्णन इस्लामी तालीम के अनुसार अपनी ज़िंदगी को ढालना, उनके अनुसार अमल करना और अन्य नेकियां बजा लाना भी लाज़िमी है। सूरत अल् फ़ातिहा को कसरत से पढ़ने वाला जब तक इस सूरत में ख़ुदा की सिफ़ात में रंगीन होने की कोशिश नहीं करेगा और क़ुरआन की हिदायत صِبْغَةَ اللّٰهِ وَمَنْ أَحْسَنُ مِنَ اللّٰهِ صِبْغَةً تَخَلَّقُوْا بِأَخْلَاقِ اللّٰهِ और हदीस रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का वस्त्र नहीं पहनेगा, सिर्फ़ केवल मुख के वर्णन से वह कोई फ़ायदा नहीं उठा सकता। इलम-ए-लद्नी के हुसूल का भी यही माध्यम है क्योंकि इसी तरीक़ पर इन्सान अल्लाह तआला के फ़ज़लों और उसके प्यार को आकर्षित कर सकता है।

प्रश्न : हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल के साथ लजना इमाइल्लाह हॉलैंड की virtual मुलाक़ात तिथि 22 अगस्त 2020 ई. में लजना की तरफ़ से पर्दा के सम्बन्ध में होने वाले एक सवाल का उत्तर अता फ़रमाते हुए हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल ने फ़रमाया :

उत्तर : यह पर्दा केवल जमात अहमदिया का आदेश नहीं है। नास्रात में भी और लजना में भी यह तर्बीयत होनी चाहिए कि पर्दा का आदेश जो है यह क़ुरआन-ए-करीम का आदेश है, अल्लाह और रसूल का आदेश है। इसलिए जमाअत ने वे काम करने हैं जो अल्लाह और रसूल ने फ़रमाए हैं ओर ये ऐसे आदेश हैं, जिनका वर्णन है, स्पष्ट आदेश हैं। क़ुरआन-ए-करीम में जो कुछ ख़ास बातें हैं, अहम, खुली खुली स्पष्ट हिदायात, अहकामात उनमें एक पर्दे का आदेश है। इसलिए हम कहते हैं। इस में यदि केवल यह होता कि किसी चीज़ से इस्तिंबात किया जाता या किसी चीज़ से समझा जाता, उसको interpret किया जाता कि इस से यह मतलब निकलता है तो फिर गुंजाइश निकल सकती थी कि लड़कियां समझें या महिलाएं समझें कि हाँ यहां पर्दे की आज्ञा है और यहां नहीं है। लेकिन जब स्पष्ट आदेश आ गया तो फिर हमने इस आदेश पर अमल करना है और करवाना है। ये बातें अच्छी तरह लड़कियों के दिमाग़ों में डाल दें तो पर्दा की तरफ़ भी तवज्जा पैदा होगी। असल चीज़ यह पैदा करें कि हया ईमान का हिस्सा है, हदीस है। जब हया पैदा हो जाएगी तो ख़ुद बख़ुद पर्दे की तरफ़ भी तवज्जा पैदा हो जाएगी। चाहे वे यूनीवर्सिटी में पढ़ने वाली लड़की है, वह अपने हया के दायरा में रहेगी, अपने लिबास का ख़्याल रखेगी और फिर पर्दा का भी ख़्याल रखेगी।

इसी मुलाक़ात में एक मैंबर लजना ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल की ख़िदमत अक़्दस में अर्ज़ किया कि मेम्बरात लजना के अख़बारों में लिखने के लिए कौन से कार्य किए जा सकते हैं? इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : जो भी contemporary issues आते हैं और अख़बारों में मज़मून लिखे जाते हैं। या आप लोग महसूस करते हैं कि आजकल सोशल मीडीया पर या कहीं यह डिस्कस हो रहे हैं। उस के लिए आप सोशल मीडीया पर, लजना की वेबसाइट पर उत्तर दें ताकि awareness हो। हर एक को पता लगे कि यह उसका असल उत्तर है, असल चीज़ यह है। इसी तरह जो लिखने वाली हैं इन issues के ऊपर इस्लाम के दिफ़ा के लिए अख़बारों में लिखें कि तुम लोग कहते हो कि इस्लाम यह

शेष पृष्ठ 10 पर

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की आयरलैण्ड की यात्रा, सितम्बर 2014 ई. (भाग-9)

डबलिन शहर की ओर यात्रा

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

हुज़ूर अनवर ने इस बच्चे को फ़रमाया तुम्हारा रुजहान ब्यालोजी में है तो फिर डाक्टर बनो। और डाक्टर बिन कर फिर आयरलैंड में नहीं रहना। अफ़्रीक़ा जाना पड़ेगा।

अतफ़ाल की यह क्लास 12 बजकर 50 मिनट तक जारी रही। अंत में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने प्रेम पूर्वक समस्त बच्चों को क़लम और चॉकलेट प्रदान फ़रमाए। इस बीच हुज़ूर अनवर की आज्ञा से तीन ख़ुद्दाम के एक ग्रुप ने तराना पढ़ा।

नास्रात की हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ क्लास

इसके बाद प्रोग्राम के अनुसार 12 बजकर 50 मिनट पर नास्रात की क्लास हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ शुरू हुई। क्लास का आरंभ तिलावत क़ुरआन-ए-करीम से हुआ जो प्रिय ज़ैनब मायदा ख़ान ने की और इसका उर्दू अनुवाद प्रिय सालेहा असद ने प्रस्तुत किया। इसके बाद अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद प्रिय एमन नूनं ने प्रस्तुत किया।

इसके बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की निमंलिखित हदीस प्रिय शानज़ा अहमद ने प्रस्तुत की

لَا يُؤْمِنُ اَحَدُكُمْ حَتّٰى اَكُوْنَ اَحَبَّ اِلَيْهِ مِنْ وَّالِدِهٖ وَوَلَدِهٖ وَالنَّاسِ اَجْمَعِيْنَ۔

(बुख़ारी भाग अव्वल पुस्तक अल् ईमान)

इस हदीस का निमंलिखित उर्दू अनुवाद प्रिय फ़ारेहा शमस ने प्रस्तुत किया :

"तुम में से कोई सच्चा मोमिन नहीं बिन सकता जब तक कि वह अपने माता पिता बच्चों और समस्त लोगों से बढ़कर मुझ से प्यार न करे"

इस हदीस का अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद प्रिय फ़ायज़ा मक़बूल ने प्रस्तुत किया :

इसके बाद प्रिय सबीका अहसन ने हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का मंजूम कलाम

वो पेशवा हमारा जिस से है नूर सारा
नाम उसका है मुहम्मद दिलबर मेरा यही है

सूरीली आवाज़ से पढ़ कर सुनाया

इसके बाद प्रिय अफ़्शां कामरान ने हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का निमंलिखित इक़तिबास प्रस्तुत किया। "मैं हमेशा ताज्जुब की निगह से देखता हूँ कि यह अरबी नबी जिसका नाम मोहम्मद है (हज़ार हज़ार दुरूद और सलाम उस पर) यह किस आली मर्तबा का नबी है। इसके आली मक़ाम का इंतिहा मालूम नहीं हो सकता और इस की तासीर क़ुदसी का अनुमान करना इन्सान का काम नहीं। अफ़सोस कि जैसा हक़ शनाख़्त का है इसके स्थान को शनाख़्त नहीं किया गया। वह तौहीद जो संसार से गुम हो चुकी थी वही एक पहलवान है जो पुनः उस को संसार में लाया। उसने ख़ुदा से अत्यधिक दर्जा पर मुहब्बत की और अत्यधिक दर्जा पर बनीनौ की हमदर्दी में इस की जान गुदाज़ हुई इस लिए खुदा ने जो उसके दिल के राज़ का परिचय था उस को समस्त अम्बिया और समस्त अव्वलीन और आख़रीन पर फ़ज़ीलत बख़शी और उसकी मुरादें उस की जीवन में उस को दें। वही है जो सरचश्मा प्रत्येक फ़ैज़ का है और वह व्यक्ति जो बिना इक़रार इफ़ाज़ा इसके के किसी फ़ज़ीलत का दावा करता है वह इन्सान नहीं है बल्कि शैतान का अंग है क्योंकि प्रत्येक फ़ज़ीलत की चाबी उस को दी गई है और प्रत्येक मार्फ़त का ख़ज़ाना उसको अता किया गया है। जो उसके माध्यम से नहीं पाता वह वंचित अज़ली है। हम क्या चीज़ हैं और हमारी वास्तविकता क्या है। हम काफ़िर-ए-नेमत होंगे यदि इस बात का इक़रार न करें कि तौहीद हक़ीक़ी हमने ईसी नबी के माध्यम से पाई और ज़िंदा ख़ुदा की शनाख़्त हमें ईसी कामिल नबी के माध्यम से और उसके नूर से मिली है और ख़ुदा के मुकालमात और मुख़ातबात का सौभाग्य भी जिससे हम उस का चेहरा देखते हैं ईसी बुज़ुर्ग नबी के माध्यम से हमें प्राप्त हुआ है इस आफ़ताब हिदायत की किरने धूप की तरह हम पर पड़ती है और इसी समय तक हम मुनव्वर रह सकते हैं जब तक कि हम उसके मुक़ाबिल पर हैं।

(हकीकतुल वह्यी, रुहानी ख़ज़ायन बहग 22 पृष्ठ 119-118)

इस इक़तेबास का अंग्रेज़ी अनुवाद प्रिय सना ताहेरा चीमा ने प्रस्तुत किया :

इसके बाद प्रिय नबीह मलिक ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सीरत पर अंग्रेज़ी भाषा में तक़रीर की

इसके बाद प्रिय फ़रीहा शमस, लायबा इफ़्तख़ार, ज़ैनब मायदा और प्रिय नबीह मलिक ने एक ग्रुप की सूरत में निमंलिखित नाअत सूरीली आवाज़ से पढ़ कर सुनाई :

बदरगाहे ज़ीशाने ख़ैरुल इनाम
शफ़ीउलवरा मरजाए ख़ास-ओ-आम

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की आज्ञा से नास्रात ने प्रश्न किए :

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि हुज़ूर अनवर ने किस आयु में क़ुरआन-ए-करीम ख़त्म किया था। इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया। मुझे आयु तो याद नहीं है। बचपन में कर लिया था। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया। बच्चियां छः सात वर्ष की आयु में क़ुरआन-ए-करीम नाज़रा मुकम्मल कर लें तो बड़ी अच्छी बात है।

प्रश्न : एक वाकिफ़ा नौ बच्ची ने प्रश्न किया कि मैं आगे जाकर कौन सा मज़मून लूं। क्या लाईन इख़्तियार करूँ?

उत्तर : इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया पढ़ाई में अच्छी हो तो डाक्टर बिन जाओ। टीचर बिन जाओ। या ज़बानें सीखो और मास्टर कर लो। तो अनुवाद के लिए वक़्फ़ कर सकती हो।

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि कौन सी आयु में नास्रात को हिजाब लेना चाहिए?

उत्तर : इसके उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया जब सात वर्ष की नास्रात हो जाती हो तो नमाज़ पढ़ने का आदेश है जब नमाज़ पढ़ोगी तो दुपट्टा ले कर पढ़ोगी।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कुछ सात वर्ष की बच्चियां अपनी आयु की दृष्टि से बड़ी लगती हैं तो उनके कपड़े भी उचित होने चाहिए

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया छोटी आयु में हिजाब लेकर, स्कार्फ लेकर स्कूल में जाओ, वहां फंक्शन होते हैं उनमें जाओ और बिना शर्म के लोगों के सामने प्रस्तुत हो।

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि सबसे ज़्यादा कौन सी दुआ करनी चाहिए?

उत्तर : इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि सबसे ज़्यादा दुआ यह करनी है कि तुम नमाज़ पढ़ो। पांचों नमाज़ें पढ़ लो तो यही तुम्हारी दुआ है। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया तुम यह दुआ किया करो कि ख़ुदा तआला मेरा ज्ञान बढ़ाए। पढ़ाई में अच्छा कर दे। यह दुआ किया करो कि ख़ुदा तआला मेरे माँ बाप पर रहम करे। वह मेरा ध्यान रखते हैं। मेरी पढ़ाई में मेरे खाने पीने में। मेरी ज़रूरियात पूरी करते हैं। मेरी बड़ी अच्छी तर्बीयत कर रहे हैं। ख़ुदा तआला उन पर रहम करे।

प्रश्न : एक बच्ची ने Halloween के हवाला से प्रश्न किया तो इस पर हुज़ूर ने फ़रमाया यह उन लोगों की ट्रेडेशन है जिन का धर्म नहींथा। जिस दिन ये लोग Halloween मनाते हैं तो घरों पर मांगने आ जाते हैं। तो अपनी जान छुड़ाने के लिए चॉकलेट का डिब्बा दे दो। हिक्मत इसी में है कि बिना कारण झगड़े न किए जाएं परन्तु इस बात की आज्ञा नहीं है कि तुम भी उनके साथ मिलकर ऐसा करो

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया हुज़ूर अनवर प्रतिदिन कितना क़ुरआन-ए-मजीद पढ़ते हैं। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया बहुत ज़्यादा दूसरे काम करने हों तो आधा पारा की तिलावत करता हूँ और पोना पारा भी पढ़ लेता हूँ और कभी ज़्यादा भी पढ़ लेता हूँ। बहरहाल कामों में व्यस्त हो जाऊं तो आधा पारा तो प्रतिदिन पढ़ता हूँ।

बच्ची ने बताया कि वह प्रतिदिन क़ुरआन-ए-करीम के चार पृष्ठ पढ़ती है। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया सफ़हात के हिसाब से नहीं बल्कि रुकू के हिसाब से तिलावत किया करो। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया माता पिता अपने बच्चों, बच्चियों को बताएं कि

रुकू क्या होता है। सफ़हात की बजाय रुकू के हिसाब से पढ़ा करो।

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि यदि हम लड़कियों के स्कूल में हैं तो क्या बुर्क़ा पहनना, हिजाब लेना ज़रूरी है?

उत्तर : इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

यदि स्कूल में केवल लड़कियां ही हैं तो ज़रूरी नहीं है परन्तु यदि टीचर पुरुष हों तो फिर स्कार्फ लेना हिजाब लेना ज़रूरी है।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया जब भी स्कूल से बाहर निकलो तो फिर स्कार्फ लेना ज़रूरी है और पर्दे का ख्याल रखना ज़रूरी है। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया यदि कोई यह कहे कि स्कूल में तो स्कार्फ नहीं लिया और जब बाहर निकले तो ले लिया तो यह डबल स्टैंडर्ड है। परन्तु यह कदापि डबल स्टैंडर्ड नहीं है बल्कि अल्लाह और उसके रसूल का आदेश है।

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि शैतान को क्यों बनाया गया?

इसके उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया

उत्तर : शैतान को इस लिए बनाया कि तुमको पता लगे कि तुम नेक हो या नहीं। यदि बुराई हो तो तब ही नेकी का पता लगेगा कि बुराई के मुक़ाबिल पर यह नेकी है।

ख़ुदा तआला ने नेकी और बदी दोनों रास्ते निर्धारित कर दिए हैं और साथ नसीहत भी की है कि नेकी का रास्ता इख़्तियार करो। परन्तु ख़ुदा तआला ने इन्सान को इख़्तियार दिया है कि ये दो रास्ते हैं चाहो तो नेकी का रास्ता इख़्तियार करो और चाहो तो बदी का रास्ता अपनाओ और साथ बता दिया कि बदी का रास्ता इख़्तियार करोगे तो सज़ा मिले गी और नेक रास्ता पर चलोगे तो ख़ुदा तआला जन्नत में दाख़िल करेगा। ख़ुदा तआला ने यह भी फ़रमाया नेक लोगों पर फ़रिश्ते नाज़िल होते हैं और बदी के रास्तों पर चलने वाले शैतान की इत्तिबा करते हैं।

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि क्या हम पाकिस्तानी ड्रामे देख सकते हैं?

उत्तर : इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया यदि गंद नहीं है तो देख सकते हैं। पाकिस्तानी ड्रामे तो इंडियन ड्रामों से भी गंदे हो गए हैं और मध्य में ऐसे इश्तिहार भी आ जाते हैं जिनसे तर्बीयत ख़राब होती है। अतः ऐसा ड्रामा जो साफ़ सुथरा हो और सबक़ आमोज़ हो वह देख सकती हो। ऐसा ड्रामा न देखो जो आप पर बुरा प्रभाव डाले और तुम अपने माँ बाप के विरुद्ध हो जाओ और बड़ों का अदब न करो। जो बड़ी लड़कियां हैं वह अपने खाविंदों से झगड़े शुरू दें।

अतः केवल शरीफ़ाना सबक़ आमोज़ ड्रामा देख सकती हो। और तुम्हारे अन्दर इतना हौसला होना चाहिए कि यदि कोई उनूचित सीन या इश्तिहार आ जाए तो चैनल बदल दो या बंद कर दो।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया सबसे ज़रूरी और महत्वपूर्ण बात यह है कि नमाज़ का समय ज़ाए न हो। समय पर नमाज़ें अदा करो। क़ुरआन-ए-करीम की निरंतर तिलावत हो और कोई दीनी पुस्तक निरंतर पढ़ो। अपने अध्ययन में रखो। सारा दिन ड्रामे देखना, इंटरनैट पर बैठे रहना और On डीमांड चैनल पर प्रोग्राम देखना यह ग़लत तरीक़ है और ऐसा नहीं होना चाहिए।

प्रश्न : एक बच्ची ने प्रश्न किया कि क्या हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने किसी को बताया था कि मैं एक नबी हूँ और मैं अहमदी हूँ?

उत्तर : इस प्रश्न के उत्तर में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने उसी समय अपने नबी होने के बारे में लिखा और बताया जब ख़ुदा तआला ने आपको बताया। जब तक ख़ुदा ने नहीं बताया आपने नहीं लिखा। और न कोई ऐलान फ़रमाया। बाक़ी जहां तक अहमदी नाम दिए जाने का वर्णन किया है। इस बारे में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के दो नाम हैं मुहम्मद और अहमद। और जमाअत को अहमदी नाम देने का अवसर इस तरह पैदा हुआ कि प्रत्येक दस वर्ष बाद जनगणना होती है। जब 1901में हिंदुस्तान में जनगणना हुई तो इस में यह बताने के लिए कि हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मानने वाले और आपकी बैअत में आने वाले दूसरे मुस्लमानों से अलग अलग प्रकट हों। तो उस समय आपने फ़रमाया कि धर्म के ख़ाना में अहमदी मुस्लमान लिखें। इस लिए उस समय आप अलैहिस्सलाम के मुतबईन अहमदी हैं।

नास्रात की यह क्लास मध्याह्न दो बजे अपने अंत को पहुंची अंत में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने बच्चियों को क़लम और चॉकलेट प्रदान फ़रमाए।

इसके बाद सवा दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने नमाज़ जुहर तथा अस्र जमा करके पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रहने के स्थान पर तशरीफ़ ले गए।

फ़ैमिली मुलाक़ातें

प्रोग्राम के अनुसार आज शाम फ़ैमिली मुलाक़ातें और नैशनल मज्लिस-ए-आमला लजना इमाल्लाह आयरलैंड की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ मीटिंग थी। और इसका प्रबन्ध होटल के ही एक हिस्सा में किया था।

साढ़े छः बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ पधारे और फ़ैमिली मुलाक़ातें शुरू हुईं। आज 24 फ़ैमिलीज़ के 64 लोग ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इन मुलाक़ात करने वालों में से 22 लोग पुरुष तथा महिलाए ऐसे थे जो अपनी जीवन में पहली मर्तबा हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात का सौभाग्य पा रहे थे और इस सआदत पर बेहद ख़ुश थे कि उनकी जीवन में यह मुबारक दिन आया कि अपने प्यारे आक़ा के दीदार और क़ुरब में कुछ क्षण गुज़ारे और दुआओं के खज़ाने लिए और आज का यही दिन और ये मुबारक क्षण उनकी जीवन का सरमाया हैं।

मुलाक़ात करने वाली ये फ़ैमिलीज़ गालवे शहर के अतिरिक्त Dublin, Cork, Cavan, LimerickऔरAthlon के क्षेत्रों से आई थीं। इन सभी ने अपने आक़ा के साथ तस्वीर खिचवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने प्रेम पूर्वक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को क़लम प्रदान फ़रमाए और छोटी आयु के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान फ़रमाए।

मुलाक़ातों का यह प्रोग्राम आठ बजे तक जारी रहा

नैशनल मज्लिस-ए-आमला लजना इमाल्लाह आयरलैंड की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ मीटिंग।

इसके बाद नैशनल मज्लिस-ए-आमला लजना इमाल्लाह आयरलैंड की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ मीटिंग शुरू हुई।

हुज़ूर अनवर ने दुआ करवाई। इसके बाद आमिला के समस्त मेम्बरात ने बारी-बारी अपना परिचय करवाया :

नायब सदर लजना से हुज़ूर अनवर ने दरयाफ़त फ़रमाया कि वह किस हैसियत से नैशनल आमिला में हैं क्योंकि नायब सदर के पास कोई और विभाग भी होना ज़रूरी है। इस पर सदर लजना ने कहा कि वह सदर लजना स्थानीय भी हैं।

सेक्रेटरी वक़्फ़-ए-नौ के बारे में हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि सेक्रेटरी वक़्फ़ए-ए-नौ का तो नैशनल आमिला लजना में कोई ओहदा नहीं है। हुज़ूर अनवर ने हिदायत फ़रमाई कि उनको मुआविन सदर बना दें और उनसे वाकिफ़ात-ए-नौ का काम लें।

सेक्रेटरी तब्लीग़ से हुज़ूर अनवर ने तब्लीग़ी प्रोग्रामों और लीफ़ लेट्स की तक़सीम के बारे में दरयाफ़त फ़रमाया:

हुज़ूर अनवर ने मीना-बाज़ार के हवाला से भी दरयाफ़त फ़रमाया कि क्या प्रोग्राम हुआ था। जिस पर सदर साहबा लजना ने बताया कि हम

शेष पृष्ठ 11 पर

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

पृष्ठ02 का शेष

असद और ग़त्फ़ान दोनों हलीफ़ों के इस पर ईमान ले आने के बाद मज़ीद बढ़ गई थी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात हो गई और तुलेहा के मामले का समझोता न हुआ। जब ख़िलाफ़त की बागडोर अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने संभाली और बाग़ी मुर्तद होने वाले को कुचलने के लिए फ़ौज तैयार की और क़ायदीन निर्धारित किए तो तुलेहा असदी की तरफ़ हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ख़ालिद बिन वलीद की क़ियादत में फ़ौज रवाना की। (सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत-ओ-कारनामे अज़ डाक्टर अली मोहम्मद सलाबी पृष्ठ 316-318 मुद्रित अल् फुर्कान मुज़फ़्फ़र गढ़ पाकिस्तान)(ओसोदुल ग़ाबा, भाग 3 पृष्ठ 94 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2016 ई.) (मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 3 पृष्ठ 290)

यह केवल मुर्तद नहीं थे या नबुव्वत के दावेदार नहीं थे बल्कि ये मुस्लमानों से जंगें भी किया करते थे और उनको नुक़्सान पहुंचाने की कोशिश भी करते थे।

उयैना बिन हसन कौन था? इसके विषय में लिखा है। उयैना वही शख़्स है जो ग़ज़वा अहज़ाब के अवसर पर बनू फ़ज़ारह का सरदार था। इस ग़ज़वा के दौरान कुफ़्फ़ार के तीन लश्करों ने बनू कुरेज़ा से मिल कर मदीना पर ज़बरदस्त हमला करने का इरादा किया तो उनमें से एक लश्कर का सरदार उयैना था। ग़ज़व-ए-अहज़ाब में कुफ़्फ़ार की शिकस्त के बाद भी उसने मदीना पर हमला करने का इरादा किया था लेकिन रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने शहर से बाहर निकल कर उस के हमला को रोका और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। यह ग़ज़वा ज़ी करद कहलाता है।

(सय्यदना हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक, पृष्ठ 139 मुद्रित शिरकत प्रिंटिंग प्रैस लाहौर)

उयैना बिन हिस्न् फ़तह मक्का से पहले इस्लाम लाया और इस में शिरकत की। फ़तह मक्का के अवसर पर यह मुस्लमान था। ग़ज़व-ए-हुनैन और तायफ में भी शिरकत की। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस को नौ हिज्री में बनू तमीम की सरकूबी के लिए पच्चास सवारों के साथ भेजा था जिनमें कोई भी अंसार या मुहाजिर सहाबी नहीं था और इस सरिय्या का सबब यह हुआ था कि बनू तमीम ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आमिल को सद्कात लेकर जाने से रोक दिया था। फिर अहद-ए-सिद्दीक़ी में बाग़ी मुर्तदों के साथ यह भी फ़िल्ला इर्तिदाद का शिकार हो गया और तुलेहा की तरफ़ मायल हो गया और उसकी बैअत कर ली। बहरहाल बाद में फिर यह इस्लाम की तरफ़ भी लौट आया था।

(अल् असाबा फ़ी फ़ी तमीज़ अल् सहाबा, भाग 4 पृष्ठ 639 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2005 ई.)(ज़िया उन्नबी अज़ पीर मुहम्मद अकरम शाह अल् अज़हरी, भाग 4 पृष्ठ 566 - 567 मुद्रित तख़लीक़ मर्कज़ प्रिंटर्ज़ लाहौर 1420 ई.)

ये लोग पहले भी इस्लाम के ख़िलाफ़ लड़ते रहे थे। फिर मुस्लमान हुए फिर लड़ाई शुरू कर दी। फिर लिखा है कि जब अबस और ज़ुबियान और उनके हामी बुज़खा मुक़ाम पर जमा हो गए तो तुलेहा ने बनू जदीला और ग़ौस को जो कि क़बीला तै की दो शाख़ें थीं कहला भेजा कि तुम फ़ौरन मेरे पास आ जाओ। इन क़बायल के कुछ लोग फ़ौरन उसके पास पहुंच गए और उन्होंने अपनी क़ौम वालों को भी हिदायत की कि वे उनसे आ मिलें। अतः वे लोग भी तुलेहा के पास आ गए। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत ख़ालिद बिन वलीद को ज़ुल कस्सा से रवाना करने से क़बल हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु से कहा कि तुम अपनी क़ौम अर्थात क़बीला तै के पास जाओ ऐसा न हो कि वे बर्बाद हो जाएं। जंग करें और बर्बाद हों। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु अपनी क़ौम के पास आए और ज़रवा और ग़ारिब में उनको रोक लिया और उनको इस्लाम की दावत दी और उनको ख़ौफ़ दिलाया। ज़रवा भी ग़तफ़ान के इलाक़े में एक जगह का नाम है और यह भी कहा जाता है कि बनू मुर्रा में बिन औफ़ के चश्मे का नाम है। बहरहाल उनके पीछे ही हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु रवाना हो गए। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनको हुक्म दिया था कि पहले वह तै क़बीला के अतराफ़ से मुहिम का आग़ाज़ करें और फिर बुज़ाख़ह का रुख करें और वहां से आख़िर में बुताह जाएं और जब वे दुश्मन से फ़ारिग़ हो जाएं तो जब तक कि उनको जदीद अहकाम मौसूल न हों वे किसी और जगह हमले का क़सद न करें।

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस अमर का इज़हार किया कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु स्वयं ख़ैबर की तरफ़ रवाना हो रहे हैं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह इज़हार कर दिया। लोगों में मशहूर हो गया कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ख़ुद ख़ैबर की तरफ़ रवाना हो रहे हैं और फिर वहां से मुड़ कर वे ख़ालिद से सलमा पहाड़ के अतराफ़ पर आ मिलेंगे। दूसरी रिवायत से मालूम होता है कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने ये तदबीर इसलिए की थी ताकि जब दुश्मन को यह ख़बर पहुंचे तो वे भयभीत हो जाए कि एक और फ़ौज भी है हालाँकि आप तमाम लश्कर हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु के हमराह रवाना फ़र्मा चुके थे। हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु रवाना हुए। बुज़ाख़ह से उन्होंने मुड़ कर अजा का रुख किया। अजा और सलमा ये दो पहाड़ हैं। सलमा का पहले भी वर्णन हो चुका है जो समीरा के बाएं तरफ़ हैं। एक कथन के मुताबिक़ अजा बनू तै का एक पहाड़ है।

बहरहाल हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह ज़ाहिर किया कि वे ख़ैबर की तरफ़ जा रहे हैं फिर वहां से तै के मुक़ाबला पर पलटेंगे। इस तदबीर से क़बीला तै के लोग अपनी जगह बैठे रहे और तुलेहा के पास जाने से रुक गए। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु भी तै के पास आए और उनको इस्लाम की दावत दी। उन्होंने कहा कि अबुल फ़सील की हरगिज़ इताअत नहीं करेंगे। अबुल फ़सील से उनकी मुराद हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो थे। फ़सील ऊंटनी या गाय के बच्चे को कहते हैं जो अपनी माँ से बिछड़ गया हो या जिसका दूध छुड़ा दिया गया हो। चूँकि कलिमा बिक्र कलिमा फ़सील दोनों के अर्थ ऊंट के बच्चे के हैं इसलिए कुछ लोग हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को अपमान के उद्देश्य से अबुल लफ़सील अर्थात ऊंट के बच्चे का बाप कहते थे। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि तुम्हारी जानिब एक ऐसा लश्कर बढ़ा चला आ रहा है जो तुम पर कदापि रहम नहीं करेगा और क़तल-ओ-ग़ारत का बाज़ार इस तरह गर्म करेगा कि किसी भी शख़्स को अमान नहीं मिल सकेगी। मैंने तुम्हें समझा दिया आगे तुम जानो और तुम्हारा काम।

एक और रिवायत के मुताबिक़ उन्होंने अपने क़बीला के लोगों को यह भी कहा कि फिर उस वक़्त तुम हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को फ़हलुल अकबर के उपनाम से याद करोगे। फ़हल हर जानवर के पुरुष को कहते हैं अर्थात अब तो तुम तम्सख़र और हक़ारत से उनको ऊंट का छोटा सा बच्चा कह रहे हो फिर तुम उनको मज़बूत नर ऊंट कहने पर मजबूर होगे। क़बीला तै के लोगों ने उनकी बातें सुनके कहा कि अच्छा तुम इस हमला-आवर लश्कर से जा कर मिलो और उसे हम पर हमला करने से रोको यहां तक कि हम अपने इन हमक़ौम लोगों को जो बुज़ाख़ह में हैं वापस बुला लें। हमें अंदेशा है कि अगर हम तुलेहा की मुख़ालिफ़त करेंगे जबकि हमारे लोग इसके क़बज़ा में हैं तो वे इन सबको क़तल कर देगा या उनको बंधक की हैसियत से क़ैद कर लेगा। यह उस के बारे में प्रसिद्ध था कि अपने मुख़ालेफ़ीन को वे फिर छोड़ता नहीं है और तै क़बीला के लोगों ने भी कहा कि क्योंकि हमारे लोग वहां हैं इसलिए अगर हम आ गए या उस को भनक पड़ गई कि ये मुस्लमान होने वाले हैं तो यह क़तल कर देगा।

हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हुने हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हु का सखा के स्थान में इस्तिक़बाल किया। सखा भी मदीना के मुज़ाफ़ात में एक जगह है। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु ने ख़ालिद! आप मुझे तीन दिन की मोहलत दें। पाँच सौ जंगजू आपके साथ इकट्ठे हो जाऐंगे जिनके साथ मिलकर आप दुश्मन पर हमला करें। यह बात इस से बेहतर है कि आप उनको जहन्नुम की आग में दाख़िल करें अर्थात तै क़बीले के लोग आपके साथ आ जाऐंगे और उनके साथ लड़ाई हो जाएं। हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनकी तजवीज़ मान ली। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु अपनी क़ौम के पास आए। इस से पहले क़बीला तै के लोग बुज़ाख़ह से अपनी क़ौम वालों को वापस बुलाने के लिए आदमी भेज चुके थे। क़बीले के लोगों ने तुलेहा के लश्कर में अपने आदमियों को यह पैग़ाम भेजा कि वह फ़ौरन वापस आ जाएं क्योंकि मुस्लमानों ने तुलेहा के लश्कर पर हमला करने से पहले उन पर चढ़ाई अर्थात तै क़बीले पर चढ़ाई करने का इरादा किया है। इसलिए वे आएं और इस हमला को रोकें। यह तदबीर उन्होंने चली। इसलिए वे बतौर कमक अपनी क़ौम के पास वापिस आ गए। अगर ऐसा न होता तो तुलेहा और इस के साथी उन्हें ज़िंदा न छोड़ते। फिर हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को आकर अपने क़बीले के दुबारा इस्लाम ले आने की सूचना दी।

एक लेखक ने लिखा है कि अदी का यह महान कारनामा है कि उन्होंने अपनी क़ौम को इस्लामी फ़ौज में शमूलीयत की दावत दी।

बनू तै के लश्कर ख़ालिद में शमूलीयत दुश्मन की पहली शिकस्त थी क्योंकि क़बीला तै का शुमार जज़ीरा अरब के बहादुर क़बायल में होता था। अन्य क़बायल उनको एहमीयत देते थे। उनकी ताक़त और क़ुव्वत का एतबार था। उनसे ख़ौफ़ खाते थे। अपने इलाक़े में उनको इज़्ज़त और ग़लबा हासिल था। पड़ोसी क़बायल उनके हलीफ़ बनने के लिए तैयार रहते थे।

(तारीख़ तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 260 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.) (अब्दुल्लाह बिन सबह और दूसरे तारीख़ी अफ़साने, भाग 2-3 पृष्ठ 92 अनुवादक सय्यद कलबी हुसैन रिज़वी, मुद्रित 1427) (सय्यदना हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल मुतर्जिम, पृष्ठ 138 मुद्रित शिरकत प्रिंटिंग प्रैस लाहौर)(सय्यदना अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु शख़्सियत और कारनामे अज़ डाक्टर अली मुहम्द सलाबी अनुवादक, पृष्ठ 324 मकतबा अल् फुर्कान मुज़फ़्फ़र गढ़ पाकिस्तान)(हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु, अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल,उर्दू अनुवाद शेख़ अहमद पानीपति, पृष्ठ 157)(मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 3 पृष्ठ 6 भाग 1 पृष्ठ 119) (अल् मुन्जिद, पृष्ठ 585 अंतर्गत शब्द फहल, पृष्ठ 570-571)(फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 157 ज़व्वार एकेडेमी कराची)

फिर हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने यहां से जिदीला के मुक़ाबले के ख़्याल से उनसुर की तरफ़ कूच किया। उन्सुर भी क़बीला तै के एक चशमा का नाम है। वहां इस चशमा के इर्द-गिर्द आबादी थी। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनसे कहा कि क़बीला तै की मिसाल एक परिंदे की है और क़बीला जदीला क़बीला तै के दो बाज़ुओं में से एक बाज़ू है। आप मुझे कुछ रोज़ की मोहलत दें। शायद अल्लाह तआला जदीला को भी राह-ए-रास्त पर ले आए। बग़ैर जंग के ही यह लोग ठीक हो जाएं जिस तरह उसने ग़ौस अर्थात क़बीला तै की दूसरी शाख़ को गुमराही से निकाल लिया है। हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने ऐसा ही किया। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु जदीला के पास आए। हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु नियमित उनसे बातचीत करते रहे यहां तक कि उन्होंने हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु की बैअत की और उनके इस्लाम ले आने की खुशखबरी हज़रत अदी रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु को आकर दी और इस क़बीले के एक हज़ार सवारों के साथ मुस्लमानों के पास आ गए। (अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 260 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया लुबनान 2012 ई.)(मोअज्जमुल बुल्दान, भाग 1पृष्ठ 314)

हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु क़बीला तै के क़बूल इस्लाम के बाद तुलेहा असदी की तरफ़ रवाना हुए। हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु जब दुश्मन के क़रीब पहुंच गए तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उकाशा बिन मोहसिन और हज़रत साबित बिन अक्रम रज़ियल्लाहु अन्हु को दुश्मन की ख़बर लाने के लिए आगे रवाना किया।

जब ये दुश्मन के क़रीब पहुंचे तो तुलेहा और इस का भाई सलमा देखने के लिए और दरयाफ़त-ए-हाल के लिए निकले। सलमा ने हज़रत साबित को मोहलत भी नहीं दी और उन्हें शहीद कर दिया और तुलेहा ने जब देखा कि उस का भाई अपने मुक़ाबिल से फ़ारिग़ हो चुका है तो उसने उसे अपने मद्द-ए-मुक़ाबिल अर्थात उकाशा के ख़िलाफ़ मदद के लिए पुकारा कि आओ मेरी मदद करो अन्यथा यह व्यक्ति मुझे खा जाएगा। इसलिए इन दोनों ने मिलकर हज़रत उकाशा रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला किया और उनको भी शहीद कर दिया और अपनी जगह वापिस चले गए।

एक रिवायत यह भी है कि हज़रत खालिद रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उकाशा रज़ियल्लाहु अन्हु और साबित अंसारी को दुश्मन की ख़बरगीरी के लिए भेजा तो तुलेहा का भाई हिबाल उनको मिला तो इन दोनों ने उस को क़तल कर दिया। किस हद तक इस में सदाक़त है अल्लाह जानता है या अगर यह रिवायत सही है तो वह लड़ाई के लिए आमादा हुआ तो लड़ाई हुई तब क़तल हुआ क्योंकि बहरहाल ये लोग तो ख़बर लेने के लिए गए थे। लड़ाई करने के लिए गए ही नहीं थे। जब यह ख़बर तुलेहा को पहुंची तो तुलेहा और उसका भाई सलमा निकले। तुलेहा ने हज़रत उकाशा को शहीद कर दिया और उसके भाई ने हज़रत साबित रज़ियल्लाहु अन्हु को और फिर दोनों वापिस चले गए।

(तारीख़ अल् तिब्री, भाग 2 पृष्ठ 261-262 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया लुबनान 2012 ई.)(अल्कामिल फ़िल तारीख़, भाग 2 पृष्ठ 208-209 मुद्रित दारुल क़ुतुब इल्मिया 2003 ई.)

